www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
20 नवंबर 2023, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

राजनाथ बोले, चुनाव सिर्फ सरकार बनाने को नहीं बल्कि देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं

कवायद | भगवान श्रीकृष्ण की 106 फीट और आदि योगी शिव की 260 फीट ऊंची मूर्तियां आकर्षण का केंद्र बनेंगी, प्राधिकरण क्षेत्र में बढ़ा रहा औद्योगिक निवेश

यमुना सिटी की पहचान योग, पर्यटन और अध्यात्म से होगी

■ सुनील पाण्डेय

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को योग, पर्यटन और अध्यात्म के तौर पर अलग पहचान मिलेगी। यहां की गौर यमुना सिटी में भगवान श्रीकृष्ण की 106 फीट और आदि योगी शिव की 260 फीट ऊंची मूर्ति लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। राया हेरिटेज सिटी और आगरा अर्बन नोड के कथा वाचनालय, वेलनेस सेंटर और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र पर्यटकों को रोकेंगे।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। यहां औद्योगिक निवेश बढ़ा है और देश-विदेश की बड़ी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां लगाने की दिशा में काम कर रही हैं। फिल्म सिटी, पॉड टैक्सी और मेडिकल डिवाइस पार्क यहां के लिए माइल स्टोन साबित होंगे। इस सबसे के बीच यमुना सिटी की पहचान योग, पर्यटन और अध्यात्म के तौर पर भी होगी। इसको लेकर यहां पर काम चल रहा है। कई बड़े समूह यहां पर आने के लिए तैयार हैं। इन समूहों के आने से यह इलाका पर्यटन की दृष्टि से और महत्वपूर्ण हो जाएगा।

वेलनेस सेंटर 35 हजार मीटर में खुलेगा : आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रवि शंकर की संस्था आश्रम और 12वीं तक के स्कूल स्थापित करेगी। इसके लिए 47000 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई है। प्राधिकरण ने श्रीश्री रवि शंकर विद्या मंदिर ट्रस्ट को सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए 12 हजार वर्गमीटर जमीन आवंटित की है। स्पिरिचुअल एंड वेलनेस सेंटर के लिए व्यक्ति विकास केंद्र को 35 हजार वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई है। यह संस्था यहां पर 70 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खुलेंगे : यमुना प्राधिकरण क्षेत्र की गौड़ यमुना सिटी में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की स्थापना की गई है। यह मूर्ति 106 फीट ऊंची है। अगर यमुना एक्सप्रेसवे से गुजरेंगे तो आपको यह मूर्ति दिख जाएगी। इसके साथ ही राया में हेरिटेज सिटी प्रस्तावित है। इसकी डीपीआर बन रही है। यहां पर कथा वाचनालय, वेलनेस सेंटर, योग केंद्र, प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खोले जाएंगे। यह क्षेत्र वृंदावन से जोड़ा जाएगा। यह आध्यात्मिक लोगों को अपनी ओर खीचेंगा।

गौर यमुना सिटी में लगी भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति। ● हिन्दुस्तान

200 एकड़ में आश्रम बनेगा

जेवर एयरपोर्ट के पास इशा फाऊंडेशन आदि योगी शिव की 260 फीट ऊंची मूर्ति की स्थापना करेगा। इसके लिए फाउंडेशन ने सरकार और संबंधित अफसरों से बातचीत की है। एयरपोर्ट के नजदीक होने के कारण मूर्ति की ऊंचाई को लेकर नागर विमानन मंत्रालय की अनुमति जरूरी थी। अब इस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। ईशा फाउंडेशन को आश्रम के लिए 200 एकड़ जमीन की जरूरत है। अमरपुर पलाका गांव के पास यह जमीन देने की योजना है। यह गांव एयरपोर्ट के पास है, इसीलिए मूर्ति की ऊंचाई को लेकर अनुमति मांगी गई है।

आगरा अर्बन नोड का मास्टर प्लान हो रहा तैयार

यमुना प्राधिकरण आगरा अर्बन नोड का मास्टर प्लान बनवा रहा है। इस इलाके को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा। यहां पर वेलनेस सेंटर, पर्यटकों के ठहरने की सुविधाएं आदि विकसित की जाएंगी।

“राया हेरिटेज सिटी और आगरा अर्बन नोड में कथा वाचनालय, वेलनेस सेंटर और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का प्रावधान होगा। विद्यालय और वेलनेस सेंटर के लिए जमीन दी जा चुकी है। -डॉ. अरुणवीर सिंह,
सीईओ यमुना प्राधिकरण